# कुएं को खेत तालाब बता निकाली राशि

## पंचायत का कारनामा : किसान की शिकायत पर कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश



**बेगमगंज, 10 सितंबर.** बांसादेही गांव के सीमांत किसान माखन प्रजापति पिता अमान ने अपने खेत में निर्मित निजी कुएं को खेत तालाब योजना में दर्शाकर पंचायत के सरपंच रामनरेश लोधी, सचिव यशवंत सिंह एवं सहायक सचिव कमल सिंह के द्वारा राशि निकाले जाने की जनपद सीईओ, जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम एवं कलेक्टर से शिकायत कर जांच उपरांत संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं निकाली गई राशि वापिस सरकारी खाते में जमा कराए जाने की गुहार लगाई है. परेशान एवं जालसाजी का शिकार हुए किसान की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए हैं.



शिकायतकर्ता किसान माखन प्रजापति ने 4 सितंबर 2025 को पुलिस को भी एक आवेदन देकर शिकायत की है कि उपरोक्त मामले की शिकायत की जानकारी लगते ही बांसादेही पंचायत के सरपंच रामनरेश लोधी के भाई चंदन सिंह लोधी द्वारा उसको पंचायत भवन में बुलाकर शिकायत वापिस लेने का नाजायज दबाव डालकर धमकी दी गई है कि यदि अपनी शिकायत वापिस नहीं ली तो जान से मारकर फेंक देंगे. घटना के समय सरपंच सहित अन्य गवाहों की मौजूदगी शिकायत में बताई गई है.

# संभागीय स्पर्धा के लिए खिलाड़ियों का चयन

## सेंट थॉमस कॉन्वेंट के बच्चों ने जिला स्तरीय स्पर्धा में पाया प्रथम स्थान



**बेगमगंज, 10 सितंबर.** जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल बेगमगंज के खिलाड़ियों ने पीटीआई पीएस ठाकुर के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई इवेंट्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया. प्रतियोगिता में बच्चों के दमदार खेल ने स्कूल और जिले का मान बढ़ाया.

अंडर-14 गोला फेंक में हर्षिता तोमर ने पहला स्थान हासिल किया, वहीं अंडर-17 डिस्कस थ्रो में सौम्या सिंह ने शानदार प्रदर्शन कर बाजी मारी. अंडर-17 हाई जम्प में निशा गुप्ता ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया. अंडर-19 डिस्कस थ्रो में वैदेही व्यास ने और अंडर-19 डिस्कस थ्रो में ही मो. साद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. इसके अलावा मो. अमन ने 400 मीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल कर सबका ध्यान खींचा.

इन सभी खिलाड़ियों का चयन अब संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है. वे 15 एवं 16 सितंबर को भोपाल में रायसेन जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे. स्कूल प्राचार्या सिस्टर मरीना, मैनेजर सिस्टर वलसा, पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष जितेंद्र तोमर ,पवन दुबे , सत्यजीत दुबे , बृजेश लोधी , राजीव दुबे , रवि राज , मनीष श्रीवास्तव एवं सभी शिक्षकों ने बच्चों की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य कामना कर शुभकामनाएं दी.

# ब्लॉक स्तरीय मोगली बाल महोत्सव स्पर्धा आयोजित

## सांदीपनि स्कूल वरिष्ठ वर्ग और शासकीय माध्यमिक शाला मुआर कनिष्ठ वर्ग में प्रथम

**सिलवानी, 10 सितंबर.** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल तथा पर्यावरण नियोजन समन्वय संगठन भोपाल (एप्को) के तत्वाधान विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रानी अहिरवार के निर्देशन में शासकीय सांदीपनि विद्यालय सिलवानी में विकासखंड स्तरीय मोगली प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को किया गया.




प्राचार्य एनपी शिल्पी शासकीय सांदीपनि विद्यालय सिलवानी के संयोजन, मूल्यांकन केंद्र प्रभारी एवं निर्णायक समिति के नेतृत्व में कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिता सम्पन्न की गई. उक्त जानकारी विकासखण्ड मोगली प्रतियोगिता नोडल प्रभारी शिक्षक मयंक रघुवंशी द्वारा दी गई. दोनों वर्गों से पूरे विकासखण्ड की टीमों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया.

### ये रहे सफल

- **कनिष्ठ वर्ग (बालक)** प्रथम स्थान प्रियांश आदिवासी, शा.मा.शाला मुआर, द्वितीय स्थान नरेश यादव, सांदीपनि माध्यमिक विद्यालय सिलवानी, तृतीय स्थान प्रयांश लोधी शास. मा.शाला कुण्डाली रहे.
- **कनिष्ठ वर्ग बालिका** में प्रथम स्थान अनामिका कुशवाहा सांदीपनि माध्यमिक विद्यालय सिलवानी, द्वितीय स्थान लिली राजपूत, पीएम श्री विद्यालय सिलवानी, तृतीय स्थान दीक्षा शास. मा.शाला सियरमऊ रहे.
- **वरिष्ठ वर्ग बालक** में प्रथम अनंत कुमार, सांदीपनि विद्यालय सिलवानी, द्वितीय स्थान भारत सांदीपनि विद्यालय, तृतीय स्थान क्रिश कुशवाह, शा. हाई स्कूल मुआर ने प्राप्त किया. वरिष्ठ वर्ग बालिका में प्रथम अंशिका सेन, सांदीपनि विद्यालय सिलवानी, द्वितीय स्थान गुनगुन गुप्ता सांदीपनि विद्यालय, तृतीय स्थान शिखा मेहरा पीएम श्री विद्यालय सिलवानी ने प्राप्त किया.

# नाबालिगों को वाहन चलाते पकड़ा

**बेगमगंज, 10 सितंबर.** वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने बड़ी संख्या में नाबालिग स्टूडेंट्स को दो पहिया वाहन चलाते हुए पकड़ा और उनके अभिभावकों को मौके पर बुलाकर इस चेतावनी के बाद छोड़ा कि भविष्य में वो बालिग होकर लायसेंस बनवाकर ही वाहन चलाएंगे.

**पुलिस का वाहन चैकिंग अभियान, समझाकर छोड़ा**



पकड़े गए नाबालिग स्टूडेंट्स में सबसे ज्यादा सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल के स्टूडेंट्स थे, जो बड़े -बड़े वाहनों को असुरक्षित ढंग से एक बाइक पर 3 - 3 स्टूडेंट्स बैठे हुए पकड़े गए. पुलिसाधिकारों की सख्ती के कारण वाहन दुर्घटनाओं में रोक लगाए जाने की कवायद चल रही है. आज एएसआई संतोष गीद एवं पुलिसबल के द्वारा चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट चालकों एवं अधूरे कागजों वाले दो एवं चार पहिया वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की. पुलिस द्वारा चेंकिग अभियान चलाए जाने से कई वाहन चालक इधर -उधर भागते नजर आए.


